हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026
नववर्ष की शुभकामनाएं 2026



**2026 सुस्वागतम्**

# कभी करते थे शराब का अवैध कारोबार, अब मुख्यधारा से जुड़कर कर रहे स्वरोजगार

*जहां चाह है, वहां राह है, इस सूत्र वाक्य को जिले के सबरिया आदिवासी गोड़ समाज के युवा चरितार्थ करने लगे हैं। सालों से चली आ रही महुआ शराब बनाने की परम्परा से अब इस समाज के युवा तौबा कर रहे हैं। समाज की मुख्यधारा में जुड़कर स्वरोजगार को अपना रहे हैं। नशे जैसी बुराई पर जीत के प्रतिक स्वरूप विजय श्री फाउंडेशन का गठन कर कई घरेलू उपयोग के उत्पाद बनाने में जुटे हैं।*

मुकेश सिंह बैस ⏭ जांजगीर-चांपा

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जांजगीर चाम्पा जिले के कई गांव में सबरिया गोंड जाति के लोग निवास करते हैं। कई पीढ़ी पहले इनके पूर्वज दूसरे राज्य से यहां पहुंचे थे। ऐसे में खेती मजदूरी और शराब बनाकर जीविकोपार्जन इनकी मजबूरी हो गई। सालों से महुआ शराब बनाने वाले इस समाज के युवाओं ने अब सम्मान के साथ काम करने की ठानी है। ये सब एसपी विवेक पाण्डेय की पहल से संभव हो सका हैं। सामाजिक बुराई को देखते हुए एसपी ने 'ऑपरेशन उपहार' के तहत जिले को आदिवासी गोड़ समाज के बीच नशा मुक्ति आंदोलन में उनको स्वरोजगार दिलाने पहल की। जागरूकता के लिए कार्यशाला भी आयोजित की गई और स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बनारी, मुलमुला, कुटीघाट, सेमरिया, कमरीद, देवरी, खोरसी, कटौद, कोसा, बनाहिल, कोटमीसोनार के समाज के युवक- युवतियो को जागरूक किया गया। इस अभियान में सबरिया आदिवासी गोड़ समाज के युवा जुड़ते जा रहे हैं। अभी तक 10 गांव के लोग इस काम में जुड़ गए हैं और 7 समूह के माध्यम से 34 प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं। आदिवासी गोड समाज के लोगों ने विजय श्री फाउंडेशन के नाम से उत्पादों की लांचिग की है। टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, डिश वास, हैंड वॉश, बाथरूम क्लीनर, कार वॉश, डिटर्जेंट लिक्विड, डिटर्जेंट पाउडर, साबुन, अगरबत्ती, हर्बल शैंपू , हर्बल बॉडी वॉश, हर्बल रूम फ्रेशनर, हर्बल फेस वॉश जैसे प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं।

### नशे जैसी बुराई पर जीत का प्रतीक स्वरूप बनाया विजय श्री



### ऑपरेशन उपहार : दे रहे प्रशिक्षण

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय का कहना है कि सभी पुलिस का नाम सुनकर ही डर जाते थे। पुलिस अक्सर इनको शराब के अवैध कारोबार के लिए पकड़ती थी। अब इस समाज के लोग सीधे एसपी से मिलते हैं और एसपी भी उनको मुख्यधारा में लाने पुरा सहयोग कर रहे हैं। एसपी ने ही ऑपरेशन उपहार के तहत स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाया। साथ ही लोन व अन्य इंतजाम कराने में मदद की। अब प्रोडक्ट की बिक्री के लिए भी व्यापारियों से सहयोग दिला रहे हैं। इसके माध्यम से सबरिया समाज के लोग मुख्य धारा से जुड़कर स्व रोजगार प्राप्त कर रहे है। इसके साथ ही वे आर्थिक रूप से निर्भर बन रहे है। साथ ही इस कार्य में व्यापारी वर्ग के लोग अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था से धान विक्रय हुआ आसान

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में संचालित समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन रही है। योजना के अंतर्गत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हो रही धान खरीदी, साथ ही धान खरीदी केंद्रों में की गई बेहतर, सरल और सुगम व्यवस्थाओं ने किसानों का भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ाया है। जिले के ग्राम सुकली निवासी किसान श्री भीम गोंड़ की कहानी इसी सुशासन और किसान-हितैषी व्यवस्था की जीवंत मिसाल है। वर्षों की मेहनत, आधुनिक खेती के अनुभव और शासन की पारदर्शी प्रणाली का परिणाम रहा कि उन्होंने धान खरीदी केंद्र पेंड्री में 116 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। किसान भीम गोंड़ बताते हैं कि इस वर्ष ऑनलाइन 24×7 टोकन व्यवस्था ने पूरी प्रक्रिया को आसान बना दिया। न तो भीड़ का सामना करना पड़ा, न ही लंबी कतारों में समय गंवाना पड़ा। तय समय पर केंद्र पहुँचते ही नमी परीक्षण, तौल और विक्रय की सभी प्रक्रियाएँ सहजता से पूर्ण हो गईं। समय पर भुगतान मिलने से उन्हें यह विश्वास हुआ कि अब किसान अपनी उपज पूरे आत्मसम्मान के साथ बेच पा रहे हैं।

### पामगढ में रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला का आयोजन 7 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम खैरताल जी.एल.डी., स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

### अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यवसाय के लिए ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बैंक प्रवर्तित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यापार एवं व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी स्टोर, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अन्य आयजनक व्यवसायों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जाता है। व्यवसाय अनुसार न्यूनतम 1 लाख तक के ऋण प्रकरण में स्वीकृत ऋण के विरूद्ध 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार जो भी कम हो अनुदान राशि जिला अंत्यावसायी विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

### जून से जनवरी के बीच तीन बार करते हैं पैदावार

# कोसा उत्पादन कर महिलाओं ने पांच साल में कमाए 25 लाख

राजेश वैष्णव ⏭ जांजगीर-चांपा

अलग खबर

कोसा फल उत्पादन करके समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। 5 सालों के भीतर महिलाओं ने 25 लाख से अधिक रुपए कमाए है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

गौरतलब है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत समूह की महिलाएं कोसा उत्पादन करके आत्मनिर्भर बन रही है। बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महुदा में समूह की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला यादव के नेतृत्व में गांव की 10 से भी अधिक महिलाएं कोसा फल उत्पादन के कार्य में लगी हुई है। करीब 7 एकड़ सरकारी जमीन पर समूह की महिलाएं विगत 5 सालों से इस तरह के कार्य में लगी हुई है। महिलाओं ने कोसा उत्पादन करके पांच सालों के भीतर 25 लाख रुपए अर्जित किए है। कोसा फल उत्पादन का समय जून महीने से लेकर जनवरी के बीच रहता है। इस बीच साल भर में तीन बार इसका उत्पादन समूह के द्वारा किया जाता है इससे न केवल महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है बल्कि उनके घर परिवार चलाने में भी उन्हें काफी सहूलियत हो रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत महिलाएं सालाना 12 हजार क्रीमी लाकर सालाना 2 लाख से अधिक कोस का उत्पादन समूह द्वारा किया जाता है। कोसा फल उत्पादन कार्य को लेकर रेशम विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा समूह की महिलाओं को योजना से जोड़ने प्रोत्साहित भी किया जाता है साथ ही शासन से मिलने वाले लाभ की जानकारी भी प्रदान की जाती है जिसके माध्यम से समूह की महिलाएं कोसा उत्पादन कार्य से जोड़ रही है।



कोसा का उत्पादन कार्य में जुटी समूह की महिलाएं।

### 60 हजार क्रीमी के माध्यम से 10 लाख कोसा उत्पादन

बलौदा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महुदा में समूह की महिलाओं द्वारा 5 साल के भीतर कोसा उत्पादन करके करीब 25 लाख रुपए की कमाई की है। 5 साल के भीतर इनके द्वारा 60 हजार क्रीमी के माध्यम से 10 लाख से अधिक कोसा फल उत्पादन किया गया है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला यादव का कहना है कि कोसा फल उत्पादन करके महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। वहीं इसके लिए रेशम विभाग द्वारा महिलाओं को प्रेरित भी किया जाता है।

### देते हैं योजना का लाभ

कोसा फल उत्पादन करके समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। इसके लिए महिलाओं को प्रेरित करके योजना का लाभ दिया जाता है। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके।

-मधुप चंदन
सहायक संचालक
रेशम विभाग, जांजगीर चांपा

# कैप्सूल वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बुझा घर का चिराग

### मुड़पार मुख्य मार्ग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने तकरीबन ढाई घंटे मुडपार मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। घटना शिवरीनारायण थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 31 दिसंबर की है। ग्राम मुड़पार निवासी गुलशन साहू शिवरीनारायण स्थित कबीर फैक्ट्री में कार्यरत था। रोजाना की तरह वह काम करने के बाद लंच करने के लिए शिवरीनारायण से अपने घर मुड़पार लौट रहा था। इसी दौरान बलौदा बाजार से डभरा की ओर जा रहे कैप्सूल वाहन सीजी-22 एजी 8186 कैप्सूल वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से गुलशन की सीजी 11-बी एम 6462 बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुलशन साहू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना शिवरीनारायण थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। लेकिन तब तक आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। युवक की असामयिक मौत से गांव में मातम पसरा हुआ था और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों का आरोप था कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन इस मार्ग पर हादसे हो रहे हैं। चक्का जाम के दौरान ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। काफी देर तक मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रहा। जिससे राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब कई घंटों की मशक्कत और प्रशासनिक समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम हटाया। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत स्वरूप 25 हजार रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। पुलिस ने हादसे में शामिल कैप्सूल वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन चालक को भी अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में वाहन चालक की लापरवाही सामने आ रही है। इधर पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गुलशन साहू अपने माता-पिता का छोटे पुत्र थे गुलशन को ही घर का सहारा बताया जा रहा है। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



शव को रखकर चक्काजाम करते ग्रामीण।

# लोको पायलट ने पेश की मिसाल, लैपटाप से भरा बैग लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

बेतवा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए लेपटाप से भरा बैग को जीआरपी पुलिस को लौटाया। जिसके बाद पुलिस ने बैग मालिक को वापस कर दिया।

गौरतलब है कि बेतवा एक्सप्रेस में 30 दिसंबर की रात न्यू कटनी ब्रिज के पास एक यात्री आशीष पूर्व छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ती का लैपटॉप बैग चोरी हो गया। जैसे ही बैग खिसकाया गया, आशीष की नींद खुल गई, लेकिन चोर ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आशीष ने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई। आशीष ने जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ति के अपने पूर्व छात्र साथियों मुकेश जायसवाल के साथ कालिदास महंत, अनिमेष राठौर और युवराज सिंह से संपर्क किया। अगले स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने आशीष का बयान लिया और खोजबीन शुरू की। इसी दौरान शहडोल रेलवे पुलिस बल को सूचना मिली कि एक लोको पायलट विष्णुकांत तिवारी को मालगाड़ी में लटका हुआ बैग मिला है। लोको पायलट ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। जांच में पाया गया कि बैग में रखा लैपटॉप और अन्य सामान पूरी तरह सुरक्षित है। जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अदीप मिश्रा, एस. के. कश्यप और के. के. पटेल ने सभी पूर्व छात्रों द्वारा एकजुट होकर त्वरित और संवेदनशील तरीके से किए गए प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।



जीआरपी को बैग लौटाते लोको पायलट

# पुलिस महकमे में एसपी ने किया बड़ा फेरबदल, 25 का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नए साल की शुरुआत के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के 9 निरीक्षकों समेत 25 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है।

इस फेरबदल के बाद कई थानों में नए थानेदार पदभार संभालेंगे, जिससे पुलिसिंग के तौर-तरीकों में भी बदलाव नजर आने की उम्मीद है। कुछ निरीक्षकों को शहरी थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि कुछ को ग्रामीण अंचलों में पदस्थ किया गया है। एसपी विजय पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक चाम्पा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता को सिटी कोतवाली जांजगीर का प्रभारी बनाया गया है। वहीं कोतवाली जांजगीर प्रभारी मणिकांत पाण्डेय को रक्षित केंद्र भेजा गया है। इधर नवागढ़ थाना प्रभारी अशोक वैष्णव को चाम्पा थाना प्रभारी बनाया गया है। पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर लाल सिन्हा अब बलौदा थाना प्रभारी के रूप में नजर आएंगे। वहीं नैला चौकी प्रभारी सावन कुमार सारथी को पामगढ थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई है। बलौदा थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव को बलौदा थाना प्रभारी बनाया गया है। सारागांव थाना प्रभारी सुभाष चौबे को रक्षित केंद्र भेजा गया है। यातायात शाखा में पदस्थ निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी को सरागांव तो कमलेश कुमार शेंडे को नवागढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है। जांजगीर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक भवानी सिंह चौहान को नैला चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यह तबादले नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किए गए हैं। समय-समय पर अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन से कार्यक्षमता बढ़ती है और जनता से जुड़े मामलों में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। नए पदस्थ निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृण करने के निर्देश दिए गए हैं।



### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बढ़ा रही कदम

**सकारात्मक पहल**

# साल भर के भीतर 5 हजार 164 मामले निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बीते साल में पुलिस प्रशासन द्वारा 5 हजार 489 आपराधिक मामले दर्ज किए गए है। जिसमें से 5 हजार 164 मामलों का निराकरण किया गया है, जो कुल अपराधों का 94 फीसदी निराकरण है।

ज्ञात हो कि बीते वर्ष 2025 में हुए दर्ज अपराधों में 94 प्रतिशत से अधिक मामलों का निराकरण किया गया। जिसके तहत शिवरीनारायण पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण में जिले में सर्वाधिक निराकरण करते हुए 96.45 प्रतिशत का मामलों का निराकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में 2025 वर्ष भर जिले में अपराधों पर नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने में सफलता प्राप्त की गई। जिले में घटित गंभीर अपराधों को सुलझाने, अपराधों के रोकथाम, सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम, साईबर अपरायों के रोकथाम एवं जागरूकता तथा सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से लगातार जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने कई कदम उठाये गये है। बुधवार 31 दिसंबर को जिले में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा बीते वर्ष 2025 की कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। जिले की पुलिस ने गंभीर मामलों में त्वरित कार्यवाही कर गहन विवेचना करते हुए अपराध नियंत्रण में अनुकरणीय कार्य किया है तथा जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर के द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक मामले लंबित नही रखने का निर्देश दिया गया था। जिसके विरुद्ध जांजगीर चाम्पा में केवल 5.92 प्रतिशत लंबित रहे। वर्ष 2025 में जिले में वर्ष भर में कुल 5489 अपराधिक मामले दर्ज हुये है जिसमें 5164 मामलों का लगभग 94 प्रतिशत मामलों का निराकरण किया गया। इनमें चोरी, सड़क दुर्घटना, सायबर अपराध, धोखाधडी, लूटपाट, नकबजनी, चैन स्नेचिंग, छेडछाड़ सहित अन्य विभिन्न मामलों का निराकरण किया गया है।




# रूखमणी बनी लखपति दीदी आत्मनिर्भरता की बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम सिवनी (च) की रहने वाली रूखमणी पाण्डेय ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक पहचान बन चुकी हैं। रूखमणी पाण्डेय आज हर महीने 15 से 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत लखपति दीदी पहल से जुड़ने के बाद रूखमणी पाण्डेय के जीवन में निर्णायक बदलाव आया। गांव में आरबीके दीदी के सहयोग से उन्होंने अपने आसपास की महिलाओं को एकजुट कर जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह, सिवनी (च) का गठन किया। 25 फरवरी 2020 को गठित यह समूह उन्नति महिला ग्राम संगठन सिवनी (च) और बिहान महिला क्लस्टर संगठन कुरदा से जुड़ा हुआ है। समूह के माध्यम से रूखमणी पाण्डेय को बैंक लिंकेज के तहत 1 लाख रुपये तथा समूह से अतिरिक्त ऋण प्राप्त हुआ। साथ ही आचार, पापड़, मसाला और अगरबत्ती निर्माण जैसी विविध आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। श्रीमती पाण्डेय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं।



## खबर संक्षेप



### पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से विकास सिंह को समिति का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा प्राणनाथ मिश्रा को पीआरओ नियुक्त किया गया। आगामी दिनों में जिला स्तर पर कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आगामी माह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी।

### तीन दिवसीय अंतर-इकाई बैडमिंटन योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोरबा।** द्रोणाचार्य इंडोर स्टेडियम दीपका में सीआईएसएफ यूनिट बिलासपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-इकाई बैडमिंटन एवं योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के उपमहानिरीक्षक निर्विकार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि वरिष्ठ कमांडेंट नागेंद्र कुमार झा की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से पहुंचे पुरुष एवं महिला सेंट्रल सेक्टर टीमों के खिलाड़ी, सीआईएसएफ यूनिट बिलासपुर के अधिकारी तथा खेलप्रेमी उपस्थित रहे। शुभारंभ के बाद महाप्रबंधक संजय मिश्रा और श्री निर्विकार ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के स्तर को और ऊंचा उठाने में सहायक होंगी तथा संगठन का नाम रोशन करेंगी।

### गुरु घासीदास बाबा ने रावटी लगा किया सतनाम का प्रचार : प्रेमचंद पटेल



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के तत्वाधान में सतनाम प्रांगण आदर्श नगर कुसमुंडा में 29 दिसंबर को गुरु पर्व समारोह कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। विधायक श्री पटेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने समता के अधिकार के लिए व्यापक कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल कुसमुंडा के सीनियर मैनेजर जीआर भास्कर ने किया। तथा अतिविशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा, विशिष्ट अतिथि जय बूढ़ादेव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्यारेलाल आदिले, अखिल भारतीय डोमा परिसंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे, सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे, सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, सचिव आरडी भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पाटले, 12 गांव सतनामी समाज बिरदा के अध्यक्ष सम्मेलाल लाल पाटले, पार्षद नवीन कुकरेजा, पार्षद प्यारेलाल दिवाकर, पार्षद सुश्री दिव्या कुर्रे, प्रोफेसर डॉ मनहरण अनंत आदि उपस्थित थे।

### किसानों ने अभियंता लोक निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी एवं पोलमी के किसान सड़क निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पाने चार साल से भटक रहे हैं। पोड़ी और पोलमी के दर्जनों किसान रायपुर पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र मुआवजा राशि देने की गुहार लगाई। एडीबी परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23 के तहत 21.481 किलोमीटर पाली-सिल्ली सड़क निर्माण के लिए पाली से लेकर सिल्ली तक सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण किए चार साल हो गए, सड़क निर्माण भी पूर्ण हो चुका है, लेकिन पोड़ी और पोलमी के करीब 82 आदिवासी किसानों का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। प्रमुख अभियंता को सौंपे ज्ञापन में पीड़ितों ने कहा है कि जमीन जाने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है और मुआवजा राशि न मिलने के कारण कई किसानों की आर्थिक स्थिति बद से बदत्तर हो गई है।

# रेलवे स्टेशन में लगे प्रीपेड ऑटोबूथ में इक्का दुक्का पहुंच रहे हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

लंबे जद्दोजहद के बाद रेलवे स्टेशन में जिला प्रशासन के द्वारा शुरु किए गए प्रीपेड ऑटोबूथ में अभी भी स्थानीय यात्रियों का रुझान नहीं बढ़ रहा है। इक्का दुक्का यात्री ही सुविधा का लाभ लेने पहुंचते हैं। दिनभर में 8 से 10 यात्री बूथ में पहुंच गए तो बहुत बड़ी बात होती है। बूथ संचालन के लिए नगर निगम कर्मचारी नियुक्ति भी की है। किंतु यात्री बूथ न पहुंचकर सीधे ऑटो स्टैंड ही पहुंच रहे हैं।

प्रीपेड ऑटोबूथ शुरु होने से देर रात आने वाली यात्री गाड़ियों के यात्रियों के लिए एक बाड़ी सुविधा मानी जा रही थी किंतु संचालन के 4 माह बाद भी बूथ में सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री नाम मात्र पहुंच रहे हैं। बूथ के संचालन से लेकर अब तक कभी भी ऐसी स्थिति नहीं आई के सौ से अधिक ऑटो एक साथ बुक हुए हों। वर्तमान में रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत मिशन योजना के कार्य के वजह से मेनगेट बंद होने के कारण यात्री यहां से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। दिनभर में 8 से 10 यात्री ही बूथ में ही रसीद कटाते हैं। जबकि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में जाने के लिए किराया भी निर्धानित किया गया है। उस निर्धारित किराया में ही ऑटो चालक यात्रियों को ले जाते हैं उसके बावजूद यात्री प्रीपेड ऑटोबूथ नहीं पहुंचते हैं।

### एक दिन में 8 से 10 यात्री ही कटाते हैं रसीद

**खास बातें**

- यात्रियों के सुविधा के लिए शुरू किया था जिला प्रशासन




#### 40 से 50 रुपए का अंतर

प्रीपेड ऑटोबूथ में दर्ज किराया सूची और ऑटो चालकों के द्वारा लिए जाने वाले किराये में 40 से 50 रुपए का अंतर रहता है अगर यात्री बूथ के माध्यम से ऑटो बुक कराते हैं तो उन्हें सीधे ऑटो बुकिंग की तुलना में 40 रुपए कम किराया देना पड़ता है अगर कोई यात्री सीधे ऑटो बुकिंग करते हैं तो उन्हें प्रीपेड ऑटोबूथ में दर्ज किराये से 40 से 50 रुपए अधिक देना पड़ता है।

### अन्य प्रदेश के यात्री ही लेते हैं सुविधा

प्रत्येक दिन रेलवे स्टेशन में 7 से 8 गाड़ियां आती है और प्रत्येक गाड़ियों से महज 3 से 4 यात्री ही प्रीपेड ऑटोबूथ पहुंचते हैं। जहां ऑटो की सुविधा लेते हैं उनमें भी अन्य प्रदेश से आने वाले यात्री ही शामिल हैं। स्थानीय यात्री या तो पहले से ऑटो की बुकिंग कर स्टेशन बुला लेते हैं या फिर सीधे ऑटो स्टैंड पहुंचकर गंतव्य तक जाने के लिए ऑटो बुक कराते हैं।

## जिला मुख्यालय में चल रहा है कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल

# कटघोरा को नए साल में सखी टॉप वन सेंटर की मिलेगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय के बाद सखी टॉप वन सेंटर की सौगात नए साल से कटघोरा ब्लॉक मुख्यालय को मिलने जा रही है। इसके साथ ही कामकाजी हॉस्टल के लिए कार्ययोजना शासन के निर्देश पर बनाई जाएगी। कटघोरा में खुलने वाले सखी टॉप वन सेंटर के लिए महिला बाल विकास विभाग ने कर्मचारियों की भर्ती शुरु कर दी है। जिले का दूसरा टॉप वन सखी सेंटर होगा इसके पूर्व जिला मुख्यालय में शुरु हो चुका है।

**खास बात**

- महिला बाल विकास विभाग ने कर्मचारियों के लिए शुरू की भर्ती

महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के साथ उनके कल्याणकारी योजनाओं के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय में सखी टॉप वन सेंटर की शुरुआत आज से चार वर्ष पूर्व पोड़ीबहार वार्ड में की गई थी। जिसके लिए कर्मचारियों की भर्ती विभाग के द्वारा की गई थी। इसके अलावा जिले के शेष चार विकासखंड में जिला मुख्यालय के तर्ज पर सखी टॉप वन सेंटर शुरु करने के लिए राज्य शासन को विभाग के द्वारा एक प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव में कटघोरा क्षेत्र को पहले प्राथमिकता दी गई थी। राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब कटघोरा विकासखंड में जिले का दूसरा सखी टॉप वन सेंटर शुरु होने जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर इसका संचालन किराये के मकान में किया जाएगा। सखी टॉप वन सेंटर के अलावा जिले में चलने वाले कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल की तरह कटघोरा क्षेत्र में भी कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल शुरु करने के लिए राज्य शासन से निर्देश मिलने के बाद काम किया जाएगा।




### कटघोरा क्षेत्र में बढ़ेंगी शासकीय सुविधाएं

जिला मुख्यालय की तरह अन्य शासकीय योजनाओं की सुविधाएं कटघोरा क्षेत्र में शुरु की जाएंगी। जिले का कटघोरा क्षेत्र एक जंक्शन के रुप में विकसित हो रहा है। दो नेशनल हाईवे के निर्माण के बाद और एक रेलवे लाइन के शुरु होने से कटघोरा क्षेत्र में अन्य जिलों से लोगों का आना जाना बढ़ेगा। जिसे देखते हुए राज्य प्रशासन ने कटघोरा क्षेत्र को नए सिरे से विकसित करने और शासकीय सुविधा बढ़ाने की योजना तैयार किया है। इसी तर्ज पर सखी टॉप वन सेंटर की शुरुआत हो रही है। अगले चरण में कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल का भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### शासन से स्वीकृति मिली है

कटघोरा में सखी टॉप वन सेंटर खोलने की स्वीकृति राज्य शासन से मिली है। जिसके लिए तैयारियां शुरु कर दी गई है। सखी टॉप वन सेंटर में 5 महिलाओं को रखने की व्यवस्था रहेगी। जिले का यह दूसरा सेंटर होगा। हॉस्टल के संबंध में अभी शासन से कोई निर्देश नहीं मिला है।

**-बसंत कुमार मिंज,**
महिला बाल विकास अधिकारी

# पुलिस ने सड़क से लेकर होटल ढाबों तक चलाया चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नववर्ष को लेकर कटघोरा शहर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। शहर के बड़े होटल, लॉन, ढाबे और सार्वजनिक स्थलों पर नए साल के जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। लोग 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए विभिन्न आयोजनों की योजना बना रहे हैं। इसी बीच शांति, कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। नए साल की रात किसी भी तरह की लापरवाही, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि 31 दिसंबर और नववर्ष के अवसर पर यदि कोई व्यक्ति हंगामा करता है, नशे में वाहन चलाता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# पीएम सूर्यघर बिजली में पीवीटीजी घरों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कलेक्टर।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं तथा पीएमओ-जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर सुनिश्चित हो तथा संबंधित अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।

कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों के आवासों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप सोलर सिस्टम निर्धारित समय सीमा में स्थापित किए जाएं। उन्होंने विद्युत मीटर स्थापना के लिए जोनल टेंडर जारी करने और विद्युत-विहीन गाँवों की जनसंख्या सहित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। कोरबा और कटघोरा डिवीजन के पीवीटीजी परिवारों में सूर्यघर योजना हेतु बैंक लोन स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि पीवीटीजी घरों में निवास करने वाले परिवारों के लोन प्राथमिकता से स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर योजना से पीवीटीजी परिवार को अधिक से अधिक लाभान्वित करें ताकि आने वाले समय में वे ऊर्जा के उपभोक्ता होने के साथ-साथ उत्पादक भी बन सकें। उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर लगाकर लोगों को योजना के फायदे बताने तथा उन्हें कनेक्शन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 400 यूनिट और 200 यूनिट से अधिक विद्युत खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही डिवीजन के जूनियर अभियंताओं को भी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर निगम व नगर पालिकाओं को पार्षदों के साथ समन्वय कर इच्छुक हितग्राहियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पीएम-श्री विद्यालयों तथा समग्र शिक्षा मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने शहर में ईवी (बैटरी) वाहनों के चार्जिंग स्टेशन पॉइंट के संबंध में निर्देश दिए कि इन स्टेशनों में विद्युत के साथ-साथ सोलर सिस्टम का विकल्प भी शामिल किया जाए। ईवी चार्जिंग हेतु स्थान सुरक्षित कर निःशुल्क चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के इच्छुक निजी संस्थानों से चर्चा करने के निर्देश निगमायुक्त को दिए।

### अपार आईडी बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएं। एक सप्ताह के भीतर फॉर्मेट तैयार कर बीईओ और एसडीएम के समन्वय से इन आईडी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आगामी सत्र में आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले बच्चों के जाति प्रमाणपत्र भी समय पर तैयार कराने हेतु आवश्यक समन्वय बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत अभी तक निर्धारित विद्यालयों में जॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- पीवीजीटी परिवारों को ऊर्जा के उपभोक्ता के साथ उत्पादक भी बनाएं
- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

# ईंट भट्ठे से 30 हजार अवैध ईंटें जब्त



**कोरबा।** हरदीबाजार-दीपका एसईसीएल क्षेत्र की अधिग्रहण प्रक्रिया को सुरक्षित रखने तथा अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों पर रोक लगाने प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारा 9 के प्रकाशन के बाद प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के नए निर्माण व व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू है। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। हरदीबाजार तहसीलदार अभिजीत राजभानु की टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर अनीता राठौर के ईंट भट्ठे से 30 हजार अवैध ईंटें जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र के लिए धारा 9 का प्रकाशन होने के बाद संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण, व्यावसायिक गतिविधि या संसाधनों का दोहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी मुआवजे की आशंका या अवैध लाभ कमाने की नीयत से ईंट भट्ठे संचालित किए जा रहे थे। नदी-नालों से अवैध रेत परिवहन कर निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा था।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र..37..../ब-121/2025-2026
ग्राम-मुड़पार तहसील-नवागढ़

आवेदक श्री राजेश पाल उम्र 43 वर्ष पिता स्व.श्री ओमप्रकाश पाल जाति पाल निवासी प्लॉट नं. 78/3 रो.नं. 08 दुर्गा पंडाल बिहाइंड विवेकान्द नगर मोपका थाना मोपका तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका अमृता उम्र 34 वर्ष पिता स्व.श्री नरोत्तम जाति सूर्यवंशी निवासी वार्ड नं. 11, इन्द्रा आवास मोहल्ला मुड़पार तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)।

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम मुड़पार तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश पाल उम्र 43 वर्ष पिता स्व.श्री ओमप्रकाश पाल जाति पाल निवासी प्लॉट नं. 78/3 रो.नं. 08 दुर्गा पंडाल बिहाइंड विवेकान्द नगर मोपका थाना मोपका तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका अमृता उम्र 34 वर्ष पिता स्व.श्री नरोत्तम जाति सूर्यवंशी निवासी वार्ड नं. 11 इन्द्रा आवास मोहल्ला मुड़पार तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21.01.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-आमनदुला प.ह. न. 01 रा.नि.म. तहसील सकर्रा जिला- सक्ती छ.ग. स्थित भूमि खसरा न. 133/1 शामिल 02 रकबा 0.141 हे. भूमि को मेरे पक्षकार राजेश कुमार सोनी पिता तेजीराम सोनी निवासी ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग. एवं मुकेश कुमार देवांगन पिता तुलसीराम देवांगन निवासी महामायापारा सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती के द्वारा धरमलाल पिता नेगी उम्र 63 वर्ष पिता चंद्रनाहु निवासी आमनदुला तहसील मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. आधार न. 4038 8777 0283 से क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है, और निकट भविष्य में विक्रेता धरमलाल नेगी के द्वारा मेरे पक्षकारगण क्रेता राजेश कुमार सोनी एवं मुकेश कुमार देवांगन के द्वारा विकय पत्र निष्पादित किया जाना है।

उक्त खसरा न. रकबा की भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक को अथवा शासन को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति कथित भूमि एवं विक्रय के संबंध में होगी तो वह व्यक्ति 15 दिनों के भीतर उक्त संबंध में मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करा सकते है, जिसका विधिवत निराकरण किया जा सकेगा। 15 दिनों के भीतर में कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि के द्वारा कोई भी आपत्ति नहीं किये जाने की स्थिति में कालांतर में कोई भी आपत्ति विधि सम्मत नही मानी जावेगी और आपत्तिकर्ता को कोई भी आपत्ति करने का अधिकार समाप्त होना माना जावेगा।

स्थान : जांजगीर
दिनांक : 31.12.2025

**सूचनादाता**
**रामनरेश उपाध्याय**
**(अधिवक्ता)**
**जांजगीर**
**मो.न. 9300694203**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरो द्वारा आँखो की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल
## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन' साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन' अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं,



पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।



# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5 :*** गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5 :*** मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।





***हीरामंडी सीजन 2 :*** संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2 :*** भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब :*** क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।



**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।



**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।



**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों ने किया विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



**सक्ती।** जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का विभिन्न अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में किसानों से सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, धान की मानक स्टैकिंग व्यवस्था, नए एवं पुराने जूट बारदाने, तिरपाल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है तथा निरीक्षण संबंधी जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत जैजैपुर के सीईओ द्वारा धान खरीदी केंद्र कुटराबोड़ तथा जनपद पंचायत मालखरौदा के सीईओ द्वारा धान खरीदी केंद्र पिरदा का निरीक्षण किया गया। वहीं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत सुलौनी, सिंघरा, सोनादुला एवं सकर्रा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि धान विक्रय के दौरान किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सभी धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। साथ ही धान खरीदी कार्य की नियमित निगरानी के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

### श्रीराम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



**देवरी–सारागांव।** सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल कुम्हारीकला के छात्रों द्वारा 31 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम, सीता मैया, लक्ष्मण और हनुमान जी की सजीव एवं आकर्षक झांकी के साथ गाजे-बाजे सहित विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पूरे गांव में भ्रमण करती हुई विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया, जिससे गांव में उत्साह और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक वेशभूषा और अनुशासित आयोजन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल कुम्हारीकला के प्राचार्य श्री पुष्पेंद्र साहू, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार, धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### रामनवमीं मेला में पहुंचने वाले लोगों को विधायक करा रहे भोजन

**मालखरौदा।** जमगहन में 3 दिवसीय रामनवमी समाज द्वारा बड़े भजन मेला का आयोजन किया



गया है। रामनवमी भजन मेला बुधवार 31 दिसंबर को प्रारंभ हुआ। मेला का समापन शुक्रवार 2 जनवरी तक चलेगा। चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव द्वारा मेला में भोजन की व्यवस्था की गई है। मेला पंडाल में समस्त रामनामी एवं मेला दर्शनार्थियों के लिये विधायक रामकुमार यादव एवं उनके समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह से रात्रि तक निरंतर भोजन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे दूर दराज से मेला देखने आने वाले ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है।

### घोघरी में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुरण शुरु



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत घोघरी में मंगलवार 30 दिसंबर को संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, युवा मोर्चा साथी नरेंद्र जयसवाल, भुनेश्वर जयसवाल , पिंटू जयसवाल, दिनेश पटेल, भानु प्रताप,अज्जू जयसवाल गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन भी धरना-आंदोलन पर डटे रहे अधिकारी-कर्मचारी, रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# डीए एवं महंगाई भत्ता कर्मचारियों का मौलिक अधिकार : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी तीसरे दिन 31 दिसंबर को भी आंदोलन पर डटे रहे। फेडरेशन की हडताल से सरकारी दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हुआ। वहीं शिक्षकों के भी हड़ताल पर रहने से स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो सकी। दिनभर प्रदर्शन के बाद रैली के साथ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा।



जिला स्तरीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन में शामिल कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी एवं रैली निकालकर शासन के नाम सौंपा ज्ञापन।

कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में तृतीय चरण के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को लेकर धरना स्थल में बड़ी संख्या में कर्मचारी पहुंचे। कचहरी चौक जांजगीर में आयोजित धरना आंदोलन स्थल में प्रदेश से प्रांताध्यक्ष वाहन चालक संघ मनीष ठाकुर का आगमन हुआ। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारी अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि हम कोई आंदोलन नहीं करना चाहते किन्तु शासन द्वारा कर्मचारियों का मौलिक अधिकार डीए व महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है। राजशाही नीति हमें दबाने के लिए तत्पर हैं। चुनाव के पहले मोदी की गारंटी के तहत वादा पूरा करने की बात कही गई, लेकन शपथ ग्रहण करने के दो साल भी कर्मचारियों की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के डीए और अन्य सुविधाओं को दबाने वाले के खिलाफ हमें एक जुट होकर लडना पड़ेगा। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार, महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रीय, सहसंयोजक डॉ व्ही के पैगवार, राज्य पेंशनर्स महासंघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, राज्य कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रोशन नेमी, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ रविंद्र द्विवेदी, अशोक तिवारी सहित कई कर्मचारी नेताओं ने अपना उद्बोधन दिया। फेडरेशन की 11 सूत्रीय जायज मांगों के समर्थन में वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष मनीष ठाकुर, संयोजक विश्वनाथ परिहार, महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय सहसंयोजक व्ही के पैगवार के नेतृत्व एवं अगुवाई में अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में एकजुट होकर विशाल रैली के साथ नारेबाजी करते हुए एसडीएम जांजगीर को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र के समान राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करना, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र लागू करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करना, सहायक शिक्षक सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति को शीघ्र दूर करना सहित कुल 11 महत्वपूर्ण मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में फेडरेशन के कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देवांगन, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सचिव मनहरण थवाईत, राजस्व पटवारी संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, संयुक्त शिक्षक संघ अध्यक्ष विकास सिंह, व्याख्याता संघ अध्यक्ष राधेश्याम कंवर, स्वास्थ्य संयोजक संघ अध्यक्ष शत्रुहन राठौर, कार्यालयीन सचिव टीकम थवाईत, जयंत सिंह प्रवक्ता, सुधीर सुखदेव, विशाल वैभव, आलोक दुबे, टीकम थवाईत,श्रीमती शांति थवाईत, श्रीमती निधिलता जायसवाल, टी के टंडन, जगन्नाथ श्रीवास, आर के बंजारे, रूपेश पाठक, फिरत किरण, ज्ञानेश बरेठ, राकेश जायसवाल, डॉ राज जायसवाल, रामू भैना, परमेश्वर बनर्जी, प्रदीप सिदार, अनुभव तिवारी, भूपेंद्र सिंह, रामशरण सिंगसार्वो, नील सागर यादव, सहित फेडरेशन के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण शामिल रहे।

### अकलतरा तहसील के कर्मचारी अधिकारियों ने बाइक रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

**अकलतरा।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलम बंद काम बंद आंदोलन के अंतर्गत तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल करते हुए 31 दिसंबर बुधवार को तहसील शाखा अकलतरा संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में अकलतरा तहसील के समस्त विभाग के शासकीय कर्मचारी अधिकारीयों ने आल्हा पेट्रोल पंप फोरलेन अकलतरा से बाइक रैली निकाल कर जिला मुख्यालय धरना स्थल कचहरी चौक जांजगीर में आयोजित आमसभा में शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पराज सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता 2019 से लंबित है जिसे जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग हम अपने सुशासन तिहार मानने के साथ राज्य सरकार से करते है। केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है जिससे उनके पारिवारिक जीवन में भार पड़ रहा है। छ ग प्रधान पाठक कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रिय ने कहा कि मोदी की गारंटी विधानसभा के पूर्व पूरा करने का वादा किया था जिसमें सभी कर्मचारी अधिकारियों के वेतन विसंगति दूर करने सहित सभी को चार स्तरीय समयमान वेतनमान सहित क्रमोन्नति देने का वादा किया था किन्तु छ ग सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के पश्चात भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही आज पर्यन्त तक नहीं हुआ। अपाक्स जिला अध्यक्ष रामशरण सिंग सर्वा ने कहा कि हमारी मांगे पूरा नहीं होने पर हमारा यह आंदोलन अनिश्चितकालीन में भी परिवर्तित किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रधान पाठक जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर ,तृतीय वर्ग तहसील अध्यक्ष हालधर सिंह चंदेल, सचिव ईश्वरी कश्यप,अविनाश खांडेल, हेम सिंह राज ,धीरेंद्र कुमार शांडिल्य, विष्णु यादव ,अश्वनी पटेल ,इदरीश खान ,विवेक सिंह ,रूपेश सिंह, लक्ष्मण रात्रे, कृष्ण कुमार यादव ,दामोदर चौधरी ,रवि कमल ,रूपेश राज, राजेंद्र कश्यप ,अमित धीरही ,सूरज साहू ,जन्मेजय, जागेश्वर प्रधान, नरेंद्र कर्ष ,गिरवर शांडिल्य ,सुरेन्द्र बारगाह, संजय शर्मा ,ओम प्रकाश चंद्राकर ,रामशंकर जगत ,सुरेंद्र साहू ,सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी शामिल हुए।

## मानव सेवा को समर्पित बीसीएस अस्पताल, कर रहे निःशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

नगर के नंदेलीभाठा चौक स्थित बी.सी.एस. अस्पताल में मरीजों को खून, पेशाब सहित सभी आवश्यक जांचें, सभी प्रकार की दवाइयां तथा डॉक्टर कंसल्टेशन शुल्क पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इलाज के लिए कहीं और भटकना न पड़े।

बी.सी.एस. अस्पताल के संचालक डॉ. श्याम चंद्रा द्वारा समाज के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। यह अस्पताल केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि मानवता और करुणा का प्रतीक बन चुका है। महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेशमी गोयल प्रत्येक माह एक दिन निःशुल्क सेवाएं देती हैं। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान खान सप्ताह में एक दिन मरीजों का निःशुल्क उपचार करते हैं।डॉ. श्याम चंद्रा द्वारा ऐसे बेसहारा लोगों, जिनका कोई सहारा नहीं है, उन्हें प्रत्येक 15–15 दिनों में राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों




की बेटियों को निःशुल्क नर्सिंग शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राएं क्लीनिक परिसर में ही निवास करती हैं, जहां रहना, खाना, कपड़ा एवं दैनिक जरूरतों की सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क रहती हैं। इन सभी समाजसेवा कार्यों में डॉ. श्याम चंद्रा की धर्मपत्नी श्रीमती रीता (राधा) चंद्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उनका सहयोग, सेवा भाव और समर्पण इस कार्य की मजबूत आधारशिला है। इस सेवा कार्य को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए डॉ. श्याम चंद्रा ने व्यक्तिगत संपत्ति का भी त्याग किया है। उन्होंने रायगढ़ में केआईटी कॉलेज के सामने स्थित 6 डिसमिल में बने हॉस्पिटल-परपज के घर को बेचा। साथ ही ग्राम रगजा जिला सक्ती में स्थित 3 डिसमिल का घर तथा ग्राम बोईरडीह, सक्ती में स्थित 5 डिसमिल का प्लॉट जो उनकी पत्नी के नाम पर था उसे भी इस सेवा हेतु त्यागना पड़ा।

### कोसमंदा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 23 से

**कोसमंदा।** ग्राम कोसमंदा के वार्ड नंबर 3 फंदाही पारा रेलवे लाइन के पास टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जनवरी से होगा। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 300551 एवं द्वितीय पुरस्कार 150551 रु एवं कप दिया जायेगा। प्रतियोगिता में केवल 32 टीम भाग लेंगी। आकर्षक पुरस्कारों में 51 रु मेडल, ओवर पर 1000 रु, अर्धशतक पर 1000 रु, अर्धशतक पर 1500 रु, सबसे अनुशासित टीम को उचित इनाम दिया जाएगा। वहीं मैन ऑफ द सीरीज 15001 एवं कप, फाइनल मैन ऑफ द मैच 10001 एवं कप भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत करेंगे। सभी मैच आठ ओवर एवं सेमीफाइनल व फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएगा। आयोजन की तैयारी में संजय बरेठ, प्रकाश बरेठ, वीरेंद्र कश्यप, संचालक रामनारायण बरेठ, संजय बरेठ, ललित बरेठ, विवेक बरेठ, रुशिका , मोछिका काव्य बरेठ एवं ग्रामवासी जुटे हुए है।

## सड़क पर बने गड्ढों में गिट्टी डालकर छोड़ा, दुर्घटना के शिकार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम कटघरी में पिछले साल प्रधानमंत्री ग्राम योजना सड़क मद से सड़क बनाई गई थी लेकिन साल भर के अंदर ही यह सड़क कई जगहों से उखड़ गई है जिस पर ठेकेदार द्वारा

- कटघरी में पीएमजीएसवाय के अंतर्गत बनाए गए सड़क में पेच वर्क के नाम पर लीपापोती



सड़क पर उखड़ी गिट्टी।

गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। विदित हो कि अकलतरा के ग्राम कटघरी में पिछले साल बनाई गई यह सड़क अपने निर्माण काल से ही विवादों में थी। अमानक और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से सड़क शुरू से ही उखड़नी शुरू हो गई थी और साल भर आते-आते कई जगहों से उखड़ गयी है और धीरे-धीरे वो गड्ढों में तब्दील हो गई है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाए गए सड़क के लिए ठेकेदार और शासन के बीच सड़क के निर्माण से लेकर मरम्मत करने का पांच साल का अनुबंध होता है जिसमें ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है कि वह सड़क के किनारे उगे झाड़ी और कंटीले पौधों को भी साफ करें और पांच साल तक वह सुनिश्चित करें एवं सड़क के टूटने फूटने पर वह उसकी मरम्मत करें। इस अनुबंध के अनुसार सड़क की लागत राशि का कुछ प्रतिशत उसे पांच साल बाद दिया जाता है जिससे वह सड़क का निर्माण और देखभाल सही तरीके से करें लेकिन इन ठेकेदारों के द्वारा बमुश्किल एक दो साल बाद ही सड़क मरम्मत को अलविदा कह दिया जाता है और पांच साल बाद अमानत राशि प्राप्त कर ली जाती है और उन्हे हरी झंडी देने वाले प्रधानमंत्री सड़क योजना के इंजीनियर ही होते हैं। कटघरी से लेकर पोड़ी दल्हा तक सड़क में छह से सात गड्ढे है जिन्हें मरम्मत के नाम पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जबकि नियमानुसार गिट्टी के उपर डामरीकरण किया जाता है। इन गड्ढों में डाली गई गिट्टी सड़कों पर बिखर रही है जिसके चलते इस मार्ग पर आवागमन करने वाले दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कटघरी में पीएमजीएसवाय के अंतर्गत बनाए गए सड़क मरम्मत कराने एवं ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## डीएड अभ्यर्थियों के अधिकारों के लिए युवा कांग्रेस उनके साथ : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

डीएड के अभ्यर्थियों के सम्मान में बुधवार 31 दिसंबर को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला ने युवा साथियों के साथ जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित कलेक्ट्रेट

- डीएड अभ्यर्थियों के सम्मान को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



पहुंच कर विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा के नाम ज्ञापन सौंपा।

अपने ज्ञापन में जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला नें बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद भी सरकार अपनी नियुक्ति निर्देश नहीं दे रही, युवा कांग्रेस उन सभी अभ्यर्थीयों के साथ है उनके अधिकारों कि लड़ाई जब तक उनको अधिकार नई मिलता लड़ते रहेंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गौरव सिंह नें कहा कि युवा कांग्रेस उन सभी के साथ है जिनके ऊपर अत्याचार होगा युवाओं, किसान, महिला सबके लड़ाई लड़ने के लिए युवा कांग्रेस हमेशा आगे रहकर लड़ेगा।

इस अवसर पर बहादुर यादव, देवराज सिंह चंदेल, आकाश सिंह, जय प्रकाश जायसवाल, आकाश तिवारी, विजय खंडेल, सत्येन्द्र सूर्या, ओमप्रकाश साहू, प्रतीक सिंह, जीबू आर्या, शुभकार सिंह, अंकित शर्मा, संस्कार सिंह राठौर,अमन राठौर, आलोक राठौर, अनुराग राठौर, अंशु राठौर, वैभव सिंह, अवनीश यादव, सागर यादव, जय सेवायक, राकेश जोशी, अनमोल महंत, शिवा केवट, राजा श्रीवास, शितेश कँवर, मंगल पांडे, डाकेश्वर बरेठ सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ देश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैनखोल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री,भारतरत्न एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,




स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, पोखरण में परमाणु परीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, कारगिल युद्ध जीतकर देश का मान सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, विधानसभा प्रभारी एवं वक्ता राजेन्द्र सिंह राजपूत, ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अटल के संगठन एवं सरकार के योगदान को याद किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री मेघा राम साहू, बुनकर प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक हेतराम देवांगन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ग्राम झपेली में 'किशोरी यूथ क्लब' द्वारा आयोजित शिविर में 200 ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

# गांव की बेटियों की पहल से आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ग्रामीण अंचल में सामाजिक जागरूकता और जेंडर समानता की मिसाल पेश करते हुए ग्राम झपेली (बलौदा) में 'किशोरी यूथ क्लब' की युवतियों की पहल पर एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर ने न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराया, बल्कि समाज में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और सहभागिता को भी सशक्त रूप से उजागर किया। साथ ही सरपंच के सहयोग से जनसेवा एवं ग्राम विकास का भी मिसाल प्रस्तुत हुआ।

इस आयोजन की परिकल्पना और क्रियान्वयन गांव की युवा लड़कियों ने स्वयं की। अर्चना, निशा, क्रुति ने सबसे पहले अपने 'किशोरी यूथ क्लब' की 20 सदस्यों से चर्चा की। उसके बाद घर-घर जाकर लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे




युवतियों की पहल पर आयोजित शिविर में रक्तदान करते युवा।

में जागरूक किया। युवाओं को शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। परिणामस्वरूप शिविर में 200 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। 28 युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर की सफलता में झपेली ग्राम सरपंच चन्द्रशेखर कश्यप का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "जब गांव की बेटियां आगे बढ़कर समाजहित का कार्य करती हैं, तो पूरा गांव उनके साथ खड़ा होता है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया, जहां चिकित्सकों ने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। डॉक्टरों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, और ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाते हैं। यह आयोजन सामाजिक बदलाव की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जहां पहले रक्तदान जैसे विषयों पर झिझक और गलत धारणाएं थीं। 'हमसे होगी बदलाव की शुरुआत' के स्लोगन के माध्यम से गाँव की लड़कियों ने नेतृत्व संभालकर सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। रक्त शिविर से पहले अधिकांश लोगों को अपना ब्लड ग्रूप भी नहीं पता था और न ही हीमोग्लोबिन लेवल ही मालूम था। इस शिविर की चर्चा आस-पास के गांवों में भी है। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ टीम एवं सरपंच ने मितानीन अनुसूईया कश्यप, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा कश्यप और और 'किशोरी युवा क्लब' की इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने एक स्वर में ऐसी पहलों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में नववर्ष स्वागत के साथ सीतारामनाम महामंत्र कीर्तन का होगा समापन

**जांजगीर-चांपा।** अयोध्या में विराजित रामलला का दुसरा वर्षगांठ बुधवार 31 दिसम्बर को मनाया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने बताया की रामलला के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रातःकाल 7 बजे सीतारामनाम प्रभात फेरी हनुमान मंदिर पुलिस कटौल रुम के सामने से निकाली गई, जो कचहरी चौक, नेताजी चौक, लिंकरोड़ से होते हुऐ वापस हनुमान मंदिर पहुंची। यहां 9 बजे से सीताराम नाम महामंत्र कीर्तन प्रारंभ किया गया। शायकाल 7 बजे रामलला एवं हनुमान जी की आतिशबाजी के साथ महाआरती की गई। 1 जनवरी प्रातःकाल 9 बजे सीतारामनाम कीर्तन 24 घंटे का समापन 10 बजे से हवन एवं पुर्णाहुति के साथ होगा। वहीं दोपहर 12 बजे से हनुमान जी का महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर